# जे.डी.ए. इंजीनियर्स की मनमानी के कारण 70 करोड़ का "सीकर रोड ड्रेनेज प्लान" बर्बादी की कगार पर

**सर्वविदित है कि, जयपुर में मानसून के दिनों में सबसे ज्यादा बारिश का पानी खेतान अस्पताल से लेकर ढेहर के बालाजी तक भरता है, फिर भी यहां "1 गुणा 1" साइज के बॉक्स डालने पर उतारू हैं अधिकारी**

-कार्यालय संवाददाता-


**जयपुर**। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के निर्देश के बाद जयपुर विकास प्राधिकरण ने सीकर रोड पर पानी के निकास के लिए "ड्रेनेज प्लान" तो बना दिया लेकिन इसके इंजीनियर्स की मनमानी और इस प्लान में खामियां होने के कारण 70 करोड़ रु. का यह प्रोजेक्ट अब बरबाद होने के कगार पर है।

सूत्रों की मानें तो जयपुर विकास प्राधिकरण ने सीकर रोड पर ड्रेनेज प्लान में कम जगह पर बॉक्स डालने और पर्याप्त जगह वाले स्थानों पर नाला निर्माण करना तय किया था। इसके लिए खेतान अस्पताल से लेकर ढहर के बालाजी चौराहे तक "1 गुणा 1" साइज के बॉक्स दोनों तरफ डाले जाने हैं। इसी तरह ढेहर के बालाजी से चौमूं पुलिया तक "2 गुणा 2" साइज के बॉक्स डाले जाने हैं। इसके साथ ही जहां-जहां पर पर्याप्त जगह हैं, वहां नाला बनाने का काम होना है।

इसके जरिए सीकर रोड का पानी अमानीशाह नाले में छोड़ना था, जिसके लिए सब्जी मंडी के पास चौड़ा नाला बनाकर पूरे पानी को अमानीशाह नाले में ले डालना था। जयपुर विकास प्राधिकरण को यह प्लान लागू करना था, लेकिन यह लागू नहीं हो पाया।

सूत्रों की मानें तो जेडीए के इंजीनियर्स ने इस प्लान को तो बदला ही, साथ में ऐसी तकनीकी खामी छोड़ दी कि जे.डी.ए. द्वारा लगाये जा रहे पूरे 70 करोड़ रुपए बर्बाद होने वाले हैं। सर्वविदित है कि, सीकर रोड पर सबसे ज्यादा पानी खेतान अस्पताल से लेकर ढेहर का बालाजी तक भरता है, लेकिन यहां पर जे.डी.ए. "1 गुणा 1" साइज के बॉक्स डाल रहा है। सीकर रोड पर वर्ष 2010 में बी.आर.टी.एस. कॉरिडोर बनाते समय भी "1 गुणा 1" साइज के बॉक्स डाले गए थे, जो कुछ समय तक ही चले। बाद में उनमें कचरा भर गया और ये बंद हो गए। अब जे.डी.ए. के इंजीनियर्स पुनः यहीं गलती दोहरा रहे है।

सबसे बड़ी खामी यह है कि, यहां छोटे बॉक्स होने के कारण पानी का बहाव पूरी तरह से नहीं जाएगा। जे.डी.ए. को यहां नाला निर्माण करना चाहिए था, या फिर बड़ी साइज के बॉक्स डालने चाहिए थे। इसके साथ ही सीकर रोड पर भवानी निकेतन के पास दोनों तरफ "2 गुणा 2" साइज के बॉक्स डाले जा रहे हैं, यहां सर्विस रोड भी है और पर्याप्त अच्छी-खासी जगह भी है। ऐसे में यहां नाला बनना चाहिए, जिससे सफाई भी हो सकेगी और मजबूत चिनाई होने के कारण नाला लंबे समय तक चलेगा।




- **ढेहर के बालाजी से चौमूं पुलिया तक सड़क पर पर्याप्त जगह होने के बावजूद भी "2 गुणा 2" साइज के बॉक्स डालने की तैयारी चल रही है, ऐसे में यहां पानी का निकास हो पाना लगभग असंभव सा लग रहा है।**
- **ज्ञात रहे कि सीकर रोड पर वर्ष 2010 में बी.आर.टी.एस. कॉरिडोर बनाते समय भी "1 गुणा 1" साइज के बॉक्स डाले गए थे, जो कुछ समय तक ही चले। बाद में उनमें कचरा भर गया और ये बंद हो गए। अब जे.डी.ए. के इंजीनियर्स पुनः यहीं गलती दोहरा रहे है। छोटे बॉक्स होने के कारण पानी का बहाव पूरी तरह से नहीं जाएगा।**

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को अवगत कराएंगे लोग

सीकर रोड के इस बहुप्रतीक्षित ड्रेनेज प्लान में छेड़छाड़ और तकनीकी खामियां छोड़े जाने की शिकायत स्थानीय नागरिक अब उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से करेंगे।

कांग्रेस नेता तरुण भारती का कहना है कि जे.डी.ए. की खामी का नुकसान पहले ही सीकर रोड के निवासी भुगत रहे हैं, अगर नाले की जगह छोटे बॉक्स ही डालने है तो पुराने जो बॉक्स डाले हुए हैं, उनकी ही सफाई करा ली जाए, इससे कम से कम पैसा तो बरबाद नहीं होगा। इसके साथ ही अमानीशाह नाले पर जहां पानी का निकास होगा, वहां बाक्स हटा कर नाला निर्माण कराना चाहिए।

ज्ञात रहे कि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पहले ही जे.डी.ए. और सार्वजनिक निर्माण विभाग (पी.डब्ल्यू.डी.) के अधिकारियों को काम में किसी तरह की लापरवाही नहीं करने के निर्देश दे रखे हैं।

## एल.आई.सी. के सिंगल प्रीमियम ग्रुप "माइक्रो टर्म इंश्योरेंस" का शुभारंभ




**जयपुर** (कासं)। भारतीय जीवन बीमा निगम (एल.आई.सी.) ने 7 अक्टूबर से सिंगल प्रीमियम ग्रुप माइक्रो टर्म इंश्योरेंस प्लान जारी किया है।

यह योजना एक असहभागी, नॉन लिंक्ड समूह, शुद्ध जोखिम और सूक्ष्म जीवन बीमा उत्पाद है। यह प्लान विशेष रूप से सरल, लचीली और सस्ती जीवन बीमा प्रदान करने के उद्देश्य के साथ बनायी गयी है।, ताकि सुक्ष्म वित्तीय संस्थानों समेत वित्त संस्थानों की जरूरतों को पूरा किया जा सके, ताकि उनके ऋणदाताओं, सहकारी समितियों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों और एन.जी.ओ. को कवर किया जा सके।

यह प्लान 50 या इससे अधिक सदस्यों वाले समूह के लिए उपलब्ध है। सदस्यों के लिए जोखिम कवर बीमा राशि 5 हजार से 2 लाख रु. तक रखी गई है। एकमुश्त भुगतान योग्य एकल प्रीमियम मोड है। एक माह से 10 साल तक की कवर अवधि चुनने की सुविधा इसमें दी गई है। ऋणदाता-उधारकर्ता संबंधों के तहत जीवन साथी के लिए संयुक्त जीवन कवर भी इसमें उपलब्ध करवाया गया है।

## जनाना अस्पताल के एन.आई.सी.यू. वार्ड में छत का प्लास्टर गिरने से हड़कंप

**गनीमत रही कि हादसे में कोई नवजात बच्चा घायल नहीं हुआ**

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के जनाना अस्पताल के नर्सरी एनआईसीयू वार्ड में छत का प्लास्टर अचानक गिर गया। हादसे के दौरान बड़ी संख्या में नवजात शिशु वार्ड में भर्ती थे। हालांकि, प्लास्टर गिरने के दौरान किसी भी नवजात शिशुओं को चोट नहीं लगी, लेकिन अस्पताल की व्यवस्थाओं पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया।

परिजनों ने बताया कि एनआईसीयू वार्ड में गंभीर रूप से बीमार बच्चों का इलाज किया जा रहा था। हालांकि, इस हादसे में किसी प्रकार की हानि नहीं हुई, लेकिन बच्चों के परिजनों में डर का माहौल बना हुआ है। जैसे ही अस्पताल में यह घटना घटित हुई, उसके तुरंत बाद हड़कंप मच गया। सूचना के बाद प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और सबसे पहले बच्चों को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया।

परिजनों का आरोप है कि रात के समय वार्ड में कोई जिम्मेदार अधिकारी या डॉक्टर मौजूद नहीं रहते हैं। दरअसल, जनाना अस्पताल ही नहीं, बल्कि सवाई मानसिंह अस्पताल में भी आए दिन फॉल सीलिंग गिरने के मामले सामने आते रहते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। घटना के बाद से अस्पताल प्रशासन पर सवाल उठने लगे हैं, लेकिन अभी तक अस्पताल प्रशासन की ओर से इस पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। परिजन अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और बच्चों की देखभाल को लेकर चिंतित हैं और जवाब की मांग कर रहे हैं। परिजनों का कहना है कि यदि यह मलबा नवजात बच्चों पर गिर जाता तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेता। जनाना अस्पताल की पुरानी इमारत और ढांचागत समस्याएं भी इस घटना के बाद चर्चा में आ गई हैं।

## विधानसभा के प्रमुख सचिव को हटाने के आदेश पर रोक से इनकार

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने विधानसभा के प्रमुख सचिव को पद से हटाने के गत 20 सितंबर के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में दायर स्टे प्रार्थना पत्र को खारिज करते हुए पक्षकारों से 6 सप्ताह में जवाब देने के लिए कहा है। सीजे एमएम श्रीवास्तव व जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश महावीर प्रसाद शर्मा की याचिका में दायर स्टे प्रार्थना पत्र को खारिज करते हुए दिए। याचिका में कहा कि विधानसभा ने नियमों में संशोधन कर उन्हें सुनवाई का मौका दिए बिना ही पद से हटाया है। यह कार्रवाई मनमानीपूर्ण है, इसलिए विधानसभा के उन्हें सचिव पद से हटाए जाने वाले आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगाई जाए। इसके जवाब में विधानसभा स्पीकर की ओर से सीनियर एडवोकेट आरएन माथुर व प्रतीक माथुर ने कहा कि याचिकाकर्ता की उम्र 65 साल से ज्यादा हो गई है और उन्हें नियमों की पालना करते हुए हटाया है।

## जाति के आधार पर बांटने वालों को जनता ने दिया करारा जवाब : तिवाड़ी

- **घनश्याम तिवाड़ी ने हरियाणा प्रदेश के विधानसभा चुनावों को विपक्षियों का भ्रम तोड़ने वाला परिणाम बताया।**

**जयपुर**। राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने हरियाणा प्रदेश के विधानसभा चुनावों पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे विपक्षियों का भ्रम तोड़ने वाल परिणाम बताया। उन्होंने कहा, "आज भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में एतिहासिक जीत दर्ज की है। इस जीत से विपक्षियों के सभी भ्रम टूटे हैं।" तिवाड़ी ने कहा कि जिन लोगों ने हरियाणा को जाति के आधार पर बाँटने की कोशिश की, अग्निवीर, किसानों को बहकाने की कोशिश की, यह जीत उनके लिए करारा जवाब है। हरियाणा में 52 वर्षों में यह पहली बार है कि कोई पार्टी लगातार तीसरी बार अपनी सरकार बनाने जा रही है, मोदी है तो मुमकिन है।

साथ ही घनश्याम तिवाड़ी ने कहां कि हरियाणा की जनता ने साबित कर दिया है, उन्हें हमारे प्रधानसेवक नरेंद्र मोदी पर पूर्ण विश्वास है। ये जीत महाराष्ट्र, झारखंड, दिल्ली और बिहार में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों के लिए महत्त्वपूर्ण है। तिवाड़ी ने इस जीत को लेकर हरियाणा की जनता को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की लगातार तीसरी जीत के उपलक्ष में मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में पंचवटी चौराहे पर विधायक कालीचरण सराफ के नेतृत्व में आतिशबाजी की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की गुलाल लगाया एवं मिठाई बांटी। इस अवसर पर जयपुर शहर उपाध्यक्ष ब्रह्म कुमार सैनी, पार्षद स्वाति परनामी, पूर्व पार्षद देवेंद्र सिंह शंटी, चंद्र भाटिया, बलदेव सिंह, हरभजन सिंह, खुशविंदर सिंह, नितिन भाटिया, अशोक भगत, नरेंद्र कौर, चंद्रमोहन खत्री, संदीप ईतन, अतुल कल्ला मौजूद थे।

## आर.ए.एस. भर्ती की उत्तर पुस्तिका जांचने में भेदभाव पर जवाब मांगा

**जयपुर ( कासं )**। राजस्थान हाईकोर्ट ने आरएएस भर्ती-2021 की मुख्य परीक्षा में अभ्यर्थियों की उत्तर पुस्तिका को जांचने में भेदभाव करने पर प्रमुख कार्मिक सचिव व आरपीएससी सचिव से जवाब तलब किया है। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह आदेश रणजीत की याचिका प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि उसने आरएएस भर्ती- 2021 में भाग लिया था और उसका चयन आबकारी विभाग में हो गया। भर्ती की मुख्य परीक्षा में याचिकाकर्ता ने अन्य प्रश्नों के अलावा तीन सवालों के जवाब दिए थे और कुछ अन्य अभ्यर्थियों ने भी इन्हीं तीन सवालों के याचिकाकर्ता के समान उत्तर लिखे थे। इसके बावजूद आरपीएससी ने अन्य अभ्यर्थियों को तो इन उत्तरों के अंक दे दिए, लेकिन याचिकाकर्ता को उन उत्तरों के अंक नहीं दिए गए। इसके चलते वह भर्ती की मेरिट में नीचे चला गया और उसे निचले पद पर नियुक्ति से ही संतोष करना पड़ा।

## मंगोलिया के तकनीशियनों को जयपुर फुट का प्रशिक्षण मिलेगा

**जयपुर**। उत्तरी पूर्व एशियाई देश मंगोलिया और विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट की निर्माता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के बीच एक एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस आपसी समझौते के अनुसार बी.एम.वी.एस.एस. मंगोलियाई तकनीशियनों को जयपुर फुट निर्माण के लिए जयपुर में प्रशिक्षण देगा और मंगोलिया में एक विकलांग पुर्नवास केन्द्र की स्थापना करने में सहयोग देगा।

इस एम.ओ.यू. पर बी.एम.वी.एस.एस. के अध्यक्ष सतीश मेहता और मंगोलिया की ओर से मंगोलियाई जनरल एथारिटी के कार्यवाही महानिदेशक बाउइरजान जायतेन ने हस्ताक्षर किए। बी.एम.वी.एस.एस. के अध्यक्ष सतीश मेहता ने कहा कि भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और बी.एम.वी.एस.एस. के संयुक्त प्रयास से मंगोलिया की राजधानी उलानबतार में एक शिविर चल रहा है जिसमें पाँच सौ विकलांगों के पैर लगाए जाऐंगे । अब तक 215 से अधिक विकलांगों का पुर्नवास किया जा चुका हैं। इस शिविर का उद्घाटन भारतीय राजदूत अतुल गोतसुर्वे की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर मंगोलिया के श्रम और सामाजिक कार्य मंत्री एंख आमगालान उपस्थित थे। इस शिविर को देखकर मंगोलियाई मंत्री प्रसन्न हुए और उन्होंने बी.एम.वी.एस.एस. से मंगोलिया में एक पुर्नवास केन्द्र खोलने का बी.एम.वी.एस.एस. के अध्यक्ष सतीश मेहता से आग्रह किया, जिसे उन्होंने तुरन्त स्वीकार कर लिया।

सतीश मेहता ने बताया कि जयपुर फुट मंगोलिया के सहयोग से स्थापित होने वाले केन्द्र के अलावा पूरे मंगोलिया में विकलांगों के पुर्नवास का कार्य और केन्द्र की स्थापना के हर पहलु पर बी.एम.वी.एस.एस. सहयोग करेगा। बी.एम.वी.एस.एस. के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता ने कहा कि बी.एम.वी.एस.एस. द्वारा युगाण्डा, फिजी, अफगानिस्तान, श्रीलंका के तकनीशियनों को जयपुर में प्रशिक्षण देकर जयपुर फुट बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जा चुका हैं । डी.आर. मेहता ने कहा कि मंगोलिया में केन्द्र की स्थापना से भारत और मंगोलिया के बीच वर्षो पुरानी मित्रता और मजबूत होगी।

## तालकटोरा पर गंदा पानी और टूटी जालियां देखकर नाराज हुई महापौर

**जयपुर**। हैरिटेज महापौर कुसुम यादव ने मंगलवार को ताल कटोरा और पौंड्रिक पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर कुसुम यादव ताल कटोरा में गंदा पानी और टूटी जालियां नाराज हो गई। उन्होंने मौके पर ही निगम अधिकारियों को ताल कटोरा में व्यवस्था सुदृढ करने के निर्देश दिए।

इस दौरान स्थानीय निवासियों ने बताया कि ताल कटोरा पर हमेशा असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। वे ताल कटोरा सरोवर में कूड़ा कचरा फेंक देते है। साथ जालियां वगैरह भी तोड़ देते है। इस पर महापौर कुसुम यादव ने मौके पर ही उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ को गार्ड तैनात करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने बताया कि यहां के स्थानीय निवासियों ने ताल कटोरा और पौंड्रिक पार्क में हो रही अव्यवस्थाओं के संबंध में शिकायत की, जिस पर आज मैंने मौका निरीक्षण किया। पानी से काफी बदबू आ रही है। जालियां टूटी पड़ी है, लाइट बंद पड़ी है।



**महापौर कुसुम यादव ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ ताल कटोरा और पौंड्रिक पार्क का निरीक्षण किया।**

इसी तरह पौंड्रिक पार्क में भी काफी अव्यवस्थाएं हो रखी है। इस पर निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए, जल्द ही दोनों जगह पर व्यवस्था सुदृढ़ करें। जल्द ही इन दोनों ऐतिहासिक जगहों पर शहरवासियों को अच्छी व्यवस्था देखने को मिलेगी। इस दौरान हैरिटेज निगम के अतिरिक्त आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव, उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, उद्यान शाखा अधीक्षक छाजू राम सहित अन्य निगम अधिकारी और ताल कटोरा विकास समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## स्मैक तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जयपुर**। सांगानेर पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व (डीएसटी) ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत संयुक्त कार्रवाई करते हुए स्मैक लेकर बेचने की फिराक में घूम रहे एक युवक को दबोचा है। पुलिस ने आरोपित के पास से 10 ग्राम 10 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त की गई। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सांगानेर थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की सप्लाई करने के मामले में रितेश कुमार दक्ष निवासी मंडावर जिला दौसा को गिरफ्तार किया है। आरोपी रितेश से पूछताछ में सामने आया है कि वह पिछले 2-3 महिने से स्मैक का काम कर रहा है। उसे मण्डावरी का एक लडका स्मैक देकर जयपुर भेज देता है। वह स्मैक लेकर बस से जयपुर आता और स्मैक सप्लाई करके लौट जाता।

## जयपुर में अनूठे एरियल शो 'रोज़ेओ' 10 अक्टूबर को

**जयपुर**। पेरिस 2024 में ओलंपिक खेलों के उद्घाटन पर रोमांचित करने वाली प्रस्तुति रोज़ेओ अब जयपुरवासियों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है। एरोबैटिक और मेडिटेटिव प्रस्तुतियों के लिए प्रसिद्ध फ्रैंच कंपनी ग्राटे सिएल द्वारा जयपुर में 10 अक्टूबर को जयगढ़ फोर्ट के सुभट निवास प्रांगण में अनूठा एरियल शो प्रस्तुत किया जा रहा है। शो का आयोजन सुबह 11 बजे और शाम 4.30 बजे होगा। एलायंस फ्रांसेस नेटवर्क इन इंडिया के सहयोग से फ्रेंच इंस्टीट्यूट इन इंडिया द्वारा यह एरियल शो भारत में आयोजित किया जा रहा है। यह जयपुर सहित भारत के अन्य शहरों जैसे चंडीगढ़, अहमदाबाद, पुणे और पांडिचेरी में भी आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर भारत में फ्रांस के एम्बेसडर, एचएच थिएरी मथौ, ने कहा रोज़ेओ और अन्य रोमांचक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ, एलायंस फ्रांसेस नेटवर्क हमारे दोनों देशों के बीच कलात्मक आदान-प्रदान को मजबूत कर रहा है। यह नवीन प्रोडक्टशन हमारे कलात्मक समुदायों के बीच संबंधों को अधिक जीवंत बनाने का कार्य करता है, और साथ ही भारतीय दर्शकों को फ्रांस के समकालीन कला परिदृश्य की सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति का अनुभव कराने की हमारी प्रतिबद्धता का भी उदाहरण है। जयगढ़ पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन, एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने कहा कि "जयगढ़ फोर्ट लंबे समय से राजस्थान की समृद्ध विरासत का प्रतीक रहा है, और अब हम इस अद्भुत इंटरनेशनल कौलेबोरेशन की मेजबानी करते हुए प्रसन्नता महसूस कर रहे हैं। फोर्ट की भव्य पृष्ठभूमि, रोजेओ के रोमांचक एरियल परफॉर्मेंस की सुंदरता को बढ़ाएगी, जो जयपुर में दर्शकों के लिए अनूठा अनुभव होगा। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान इतिहास और समकालीन कला के सम्मिलन का जश्न मनाता

## सार-समाचार

### विद्यार्थियों को शीघ्र जारी होगी छात्रवृति

**जयपुर**। अब राज्य के अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र छात्राओं को छात्रवृति के लिए अधिक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। केंद्र सरकार ने वर्ष 2022-23 और वर्ष 2023-24 के अनुसूचित जनजाति उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत बकाया हिस्सा जारी करने के आदेश कर दिए है। अब शीघ्र ही छात्रों को लंबित छात्रवृति का भुगतान कर दिया जाएगा। अविनाश गहलोत, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने कुल 250 करोड़ रुपये का बजट आवंटन किया है। इस बजट से अनुसूचित जनजाति उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के शैक्षिणक क्षेत्र 2022-23 और 2023-24 के जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति से लाभान्वित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कुल आवंटित बजट में वर्ष 2022-23 के 19245.77 लाख रुपए और वर्ष 2023-24 के 5754.23 लाख रूपए बकाया शामिल है।

### 700 एलपीजी इस्त्री बॉक्स वितरित होंगे

**जयपुर**। "प्रेसवालों" को पारंपरिक कोयले से चलने वाली इस्त्री के स्थान पर पर्यावरण के अनुकूल एलपीजी से चलने वाली इस्त्री उपलब्ध कराने की एक अनूठी पहल "द इस्त्री प्रोजेक्ट" को जयपुर के एक एचएनआई (हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल्स) समूह समर्थन दे रहा है। यह समर्थन पहले फेज की अत्यधिक सफलता के बाद आया, जिसमें जयपुर के 425 प्रेसवालों को कोयले से एलपीजी इस्त्री बॉक्स में परिवर्तित किया गया था। सीनियर मैनेजर, द इस्त्री प्रोजेक्ट, सिरिल जोसेफ ने बताया कि "यह प्रोजेक्ट पहले से ही 5 शहरों में 6500 से अधिक प्रेसवालों को सशक्त बना चुका है, उनकी वार्षिक आय में 32 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है और हर साल पर्यावरण से 5,000 टन सीओ2 का उत्सर्जन कम हुआ है।" दूसरे फेज की शुरुआत के साथ, वितरण अब पूरे जयपुर में फैल रहा है, जिससे कई और योग्य प्रेसवालों को एलपीजी इस्त्री बॉक्स मिल सकेंगे। इस फेज में अगले 6 महीनों में 700 से अधिक एलपीजी इस्त्री बॉक्स वितरित किए जाएंगे। कृष्णन रंगनाथन, निदेशक, उद्यम व्यापर ने इस अवसर पर कहा कि हम प्रभु दयाल माहेश्वरी और गोविंद कांकनि के प्रति अत्यंत आभारी हैं, जिन्होंने द इस्त्री प्रोजेक्ट का समर्थन किया।

### हुक्का बार पर छापा, चिलम जब्त

**जयपुर**। शिप्रा पथ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कैफे की आड में चल रहे अवैध हुक्का बार पर छापेमारी की कार्रवाई करते हुए मौके से कई हुक्के,चिलम, पाइप, कटिंग व कई फ्लेवर जब्त किया है। यह हुक्का बार थाना इलाके में स्थित वाईन कैफे के नाम से चल रहा था। साथ ही हुक्का पिलाने वाले तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा हुक्का पीने वाले तीन व्यक्तियों के खिलाफ कोटपा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आंनद ने बताया कि शिप्रा पथ थाना इलाके में पिछले कुछ दिनों से वाईन कैफे की आड़ में नौजवानों को हुक्का पिलाने की सूचना मिल रही थी। जिस पर एक पुलिस टीम का गठन किया गया है और जिस पर पुलिसकर्मी को सादा वर्दी में बोगस ग्राहक बना कर भेज कर इसकी तस्दीक करवाई। इसके बाद पुलिस ने एक छापेमारी की कार्रवाई करते हुए दर्जनों हुक्के, चिलम, पाइप, कटिंग व कई फ्लेवर जब्त किया है। हुक्का पिलाने वाले वाइन कैफे के कर्मचारी प्रकाश सिंह चौहान, हरगोविंद सिंह भोज,सचिनंदन गोस्वामी और प्रताप सिंह राजपूत को गिरफ्तार किया है। कैफे संचालक को नामजद किया गया है।

### तस्करों के 26 रिश्तेदार बने थानेदार

**जयपुर**। एसआई भर्ती परीक्षा-2021 के मामले में गिरफ्तार सगे तस्कर के बेटा-बेटी ने एसओजी की पूछताछ में कई अहम खुलासे किए है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि तस्करों के करीब 26 रिश्तेदार पेपर लीक के माध्यम से थानेदार बने है और अभी वे ट्रेनिंग कर रहे है। एसओजी दिनेश और प्रियंका के फरार पिता की तलाश कर रही है। एसओजी ने बहन-भाई को सोमवार को कोर्ट में पेश कर 11 अक्टूबर तक रिमांड पर ले लिया गया। गौरतलब है कि एसओजी ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में 6 अक्टूबर को ट्रेनी एसआई भाई-बहन दिनेश विश्नोई (27) और प्रियंका विश्नोई (28) को अरेस्ट किया गया था। प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि राजस्थान पुलिस अकादमी में ट्रेनिंग कर रहे 24 से अधिक ट्रेनी एसआई के परिजन-रिश्तेदार मादक पदार्थ तस्कर गैंग से जुड़े है। एसओजी ने पूछताछ में सामने आए सभी को चिन्हित कर लिया है। इन सभी की भूमिका की जांच की जा रही है। इनकी पेपर लीक करवाने में क्या भूमिका थी।

### 25 अक्टूबर तक सघन फॉगिंग के निर्देश

**जयपुर**। डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम के लिए सभी अधिकारी उपखंड अधिकारी की अगुवाई में धरातल पर हर संभव प्रयास करें। ताकि आमजन को बीमारी की चपेट में आने से रोका जा सके। यह कहना है जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी का। डॉ. सोनी ने यह बात मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कही। जिला कलक्टर ने उपखंड अधिकारियों को राजकीय चिकित्सालयों का नियमित निरीक्षण करने एवं फॉगिंग मशीन सहित उपलब्ध संसाधनों का रोस्टर बनाकर आगामी 25 अक्टूबर तक सभी इलाकों में सघन फॉगिंग करवाने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि डेंगू पर वार-हर रविवार जैसे अभियान को और भी प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने की आवश्यकता है। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी खंड विकास अधिकारी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर क्षेत्र में साफ-सफाई सुनिश्चित करें।

### 26 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी

**जयपुर**। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा मूल्यांकन विभाग में अनुसंधान सहायक के 26 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया हैं। शैक्षिणक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचनाऐं आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 अक्टूबर से 13 नवंबर 2024 की रात्रि 12 बजे तक तक किए जा सकेंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा तिथि व स्थान के संबंध में यथा समय सूचित कर दिया जाएगा।

### क्षेमा ने 160 करोड़ रु. बीमा राशि बांटी

**जयपुर**। क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत राजस्थान के श्रीगंगानगर, बूंदी और अलवर में 160 करोड़ रुपए से अधिक बीमा राशि का भुगतान किया है। यह भुगतान खरीफ सीज़न 2023-24 के लिए किया गया है। क्षेमा ने इन तीन जिलों से प्राप्त 5 लाख 81 हजार 606 आवेदनों के दावों का भुगतान किया है। यह जानकारी क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड के चीफ रिस्क ऑफिसर, कुमार सौरभ ने दी है। उन्होंने कहा कि यह क्लेम भारत के उन सभी किसानों को हमारी प्रतिबद्धता दर्शाता है, जिन्होंने अब तक क्षेमा से एक करोड़ से अधिक फसल बीमा पॉलिसी खरीदी हैं।

### अवैध खनिज परिवहन में 6 वाहन जब्त

**जयपुर**। खान विभाग की जयपुर विजिलेंस टीम ने अवैध खनिज परिवहन करते 6 वाहन जब्त कर संबंधित थानों को सुपुर्द किया है। एसएमई विजिलेंस जयपुर प्रताप मीणा ने बजरी के तीन वाहन जब्त किए हैं, जिनमें से दो डंपर व एक ट्रेलर है। बजरी के दो वाहनों को मुहाना थाने को सुपुर्द किया गया है, वहीं एक वाहन कानोता थाने के बगराना चौकी को सुपुर्द किया गया है। इसी प्रकार एसएमई विजिलेंस जयपुर केसी गोयल द्वारा कार्रवाई करते हुए बजरी का अवैध परिवहन करते एक वाहन को सांगानेर सदर थाना को सुपुर्द किया गया हैं। एम सेंड अवैध परिवहन करते वाहन को कानोता व मेसेनरी स्टोन का अवैध परिवहन करते एक वाहन को जब्त कर दांतली थाने के सुपुर्द किया गया है।

### नकली उर्वरक के 314 बैग जब्त

**जयपुर**। कृषकों को उच्च गुणवत्तायुक्त खाद व बीज उपलब्ध करवाने और कालाबाजरी एवं नकली उर्वरकों पर अंकुश लगाने के लिए कृषि विभाग द्वारा रबी व खरीफ फसलों की बुआई से पहले प्रत्येक वर्ष विशेष गुण नियंत्रण अभियान चलाया जाता है। इस अभियान के तहत अलवर में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करते हुए आस मोहम्मद के घर से नकली डीएपी खाद के 84 बैग इफको मार्का के और 230 बैग बिना मार्का के भरे हुए मिले व 15 खाली बैग इफको मार्का के और 60 खाली बैग बिना मार्का के जब्त किये गये। नकली उर्वरक के सैम्पल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भिजवाये गये हैं। निरीक्षकों द्वारा आस मोहम्मद के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज करवाया गया।